भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in

एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस, न्यूयॉर्क द्वारा ''विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक-2026'' के रूप में मान्यता दी गई।

निश्चित अवधि के रोजगार के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/30)

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 19.10.2026 से 09.11.2026 तक

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) पात्र भारतीय नागरिकों से 'निश्चित अवधि के रोजगार' के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। इन पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना की निम्नलिखित विषय-वस्तु को ध्यान से पढ़ने और समझने के बाद ही आवेदन करें।

क. भर्ती का संक्षिप्त सारांश: पद: कई पद (कट-ऑफ तारीख: 30.09.2026)

पद	आयु (वर्षों में)	शैक्षणिक योग्यता	अनुभव
महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी	**न्यूनतम – 40 वर्ष अधिकतम – 55 वर्ष**	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ आईटी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार या समकक्ष विषय में बी.ई./ बी. टेक/ एम. टेक/ एम.एससी. (सांख्यिकी/ कंप्यूटर विज्ञान)/ एम.ए. (सांख्यिकी)/ एम. सांख्यिकी/ एमसीए की डिग्री।	बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 15+ वर्षों का अनुभव। इसमें से कम से कम 3+ वर्ष का अनुभव एआई, एनालिटिक्स, मॉडल निगरानी, गवर्नेंस और व्यवसाय रूपांतरण में वरिष्ठ नेतृत्व स्तर का होना चाहिए। इस अनुभव में व्यवसाय, परिचालन, आईटी आदि से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ काम करना, और साथ ही एनालिटिक्स/ एआई विशेषज्ञों की एक बड़ी टीम को संभालना शामिल होना चाहिए। व्यक्तिगत योगदानकर्ता के रूप में किया गया काम इन 3 वर्षों के अनुभव में नहीं गिना जाएगा। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों या फॉर्च्यून 500 कंपनियों में नेतृत्व (लीडरशिप) का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)	**न्यूनतम – 35 वर्ष अधिकतम – 50 वर्ष**		बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 10+ वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम 2+ वर्ष का अनुभव वरिष्ठ नेतृत्व भूमिका में होना चाहिए। इसमें जोखिम विश्लेषण, परिचालन विश्लेषण, एआई/ एमएल मॉडल निगरानी, मॉडल गवर्नेंस और व्यवसाय रूपांतरण जैसे कार्य शामिल होने चाहिए।
उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)			बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 10+ वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम 2+ वर्ष का अनुभव वरिष्ठ नेतृत्व भूमिका में होना चाहिए। इसमें एआई गवर्नेंस, जिम्मेदार एआई, मॉडल जोखिम प्रबंधकन, विनियामक अनुपालन, डेटा गोपनीयता, सूचना सुरक्षा या प्रौद्योगिकी जोखिम और व्यवसाय रूपांतरण जैसे कार्य शामिल होने चाहिए।
उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)			बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 10+ वर्षों का अनुभव। इसमें से कम से कम 2+ वर्ष का अनुभव वरिष्ठ नेतृत्व भूमिका में होना चाहिए, जिसमें डेटा इंजीनियरिंग, एआई/ एमएल एप्लिकेशन विकास, MLOps/AI Ops, उद्यम एकीकरण और प्रौद्योगिकी रूपांतरण जैसे कार्य शामिल हों।
एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट	**न्यूनतम – 30 वर्ष अधिकतम – 45 वर्ष**	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा साइंस, एआई, व्यवसाय प्रशासन, प्रबंधन या इससे संबंधित विषय में स्नातक/ स्नातकोत्तर डिग्री।	कुल मिलाकर न्यूनतम 8 वर्षों का अनुभव, जिसमें एआई/ एनालिटिक्स सॉल्यूशंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, प्रौद्योगिकी परामर्श या सॉल्यूशन आर्किटेक्चर में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव शामिल हो। इसमें व्यावसायिक आवश्यकताओं को एंटरप्राइज़ टेक्नोलॉजी/ एआई सॉल्यूशंस में बदलने का प्रमाणित अनुभव होना चाहिए (बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी)।
एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट		किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, डेटा साइंस, एआई या इसी तरह के किसी विषय में स्नातक/ स्नातकोत्तर डिग्री।	कुल मिलाकर न्यूनतम 8 वर्षों का टेक्नोलॉजी अनुभव, जिसमें एंटरप्राइज़, प्लेटफ़ॉर्म, डेटा या एआई आर्किटेक्चर में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव शामिल हो। साथ ही, बड़े पैमाने पर एआई/ एमएल वातावरण में काम करने का अनुभव होना चाहिए (बीएफएसआई या किसी अन्य विनियमित उद्योग में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी)।

महत्वपूर्ण सूचनाएँ:

1. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता तिथि तक उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों। उम्मीदवारों को वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** के माध्यम सें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि या उससे पहले शुल्क जमा करवा दिया गया हो।
2. उम्मीदवारों को बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से ही इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें। उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करें। क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए, ऐसा इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण हो सकता है। यदि पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं भर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
3. आवेदन प्रस्तुत करने से पहले, उम्मीदवार यह जांच लें कि उन्होंने आवेदन पत्र के प्रत्येक संबंधित क्षेत्र में सही विवरण भरा है। ऑनलाइन आवेदन की समय-सीमा समाप्ति के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन/सुधार/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में डाक, ईमेल, हस्त सुपुर्दगी आदि किसी भी रूप में प्राप्त अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
4. उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल फोन नंबर अवश्य हो जिसे परिणाम घोषित होने और अंतिम चयन पर कॉल लेटर जारी होने तक एक्टिव रखा जाए। इससे उन्हें ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस द्वारा **कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना** आदि प्राप्त करने में सहायता होगी।

5. बैंक भर्ती/नियुक्त किए गए अधिकारियों को भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में तैनात/ स्थानांतरण करने या उन्हें अपने किन्हीं सहयोगियों/अनुषंगियों में या किसी अन्य संस्था में तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की आवश्यकताओं पर निर्भर होगा। किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अन्य विवरण एवं अद्यतन सूचना हेतु बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** को नियमित रूप से देखें। **किसी भी परिवर्तन/अद्यतन की अलग से सूचना नहीं दी जाएगी। सभी परिवर्तन/अपडेट/संशोधन/शुद्धिपत्र/परिणाम/शेड्यूल/शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची आदि केवल बैंक की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।** कॉल लेटर/सूचना, जहां भी आवश्यक हो, केवल ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी **(कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी)।**

7. उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (बायो डाटा, पहचान का प्रमाण, आयु प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता, अन्य योग्यताएं/प्रमाणपत्र, अनुभव का प्रमाण आदि.) अपलोड करने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

8. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भर्ती के सभी चरणों (जैसे शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार आदि) में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगा। चयनित सूची दस्तावेज़ों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी। साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/दस्तावेज़ों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी।

9. चयनित उम्मीदवारों को बैंक में नियोजन/नियुक्ति ऑफर की जा सकती है, बशर्ते कि वे अन्य औपचारिकताएं जैसे कि पात्रता, क्रेडेंशियल्स, प्रमाणपत्रों का सत्यापन, संदर्भों से संतोषजनक रिपोर्ट, चिकित्सा जाँच और पूर्ववृत्त का सत्यापन आदि पूरी करते हों।

10. आयु में छूट, शुल्क में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय मांगे जाने पर निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी का वैध अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा, उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकृत कर दी जाएगी।

11. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडण्टस), नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। यदि शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों के विरुद्ध ऐसी कोई भी प्रतिकूल आदेश/रिपोर्ट उनके चयन के बाद बैंक को मिलती/प्राप्त होती है, तो उनकी उम्मीदवारी/सेवा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी।

12. **उम्मीदवार को दो से अधिक पद के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है।**

13. यदि किसी उम्मीदवार द्वारा एक ही पद/एकाधिक पदों के लिए एक से अधिक आवेदन (बहु आवेदन) प्रस्तुत किए जाते हैं, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही रखा जाएगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए प्रदत्त आवेदन शुल्क आदि जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा, साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक हाजिरी/उपस्थिति पाए जाने पर उसकी उम्मीदवारी को सरासरी तौर पर अस्वीकृत/रद्द कर दिया जाएगा।

14. यदि कोई उम्मीदवार दो से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है, तो केवल दो अलग-अलग पदों के लिए अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही रखा जाएगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क (यदि कोई हो) जब्त कर लिया जाएगा।

15. बैंक बिना कोई कारण बताए, आरक्षित रिक्तियों सहित अधिसूचित रिक्तियों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

16. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी विशेष पद/सभी पदों के लिए किसी भी स्तर/समय पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने, यदि ऐसा आवश्यक हो, का अधिकार सुरक्षित रखता है, और बैंक आवेदक को शुल्क वापस करने या कोई मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

17. गलत जानकारी प्रस्तुत करने/तथ्यों को छिपाने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है और कानूनी/आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है। जो उम्मीदवार धोखाधड़ी/गलत पहचान का प्रयास करेंगे, उन्हें बैंक द्वारा आयोजित भविष्य की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

18. इस परियोजना के अतंर्गत सभी नियुक्तियाँ पूरी तरह से बैंक के विवेकाधिकार पर होगा और पद के लिए स्वीकार्य वेतनमान के प्रारंभिक चरण में की जाएंगी।

19. यदि उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो बैंक साक्षात्कार के लिए स्थान/केंद्र तय करेगा। यदि उम्मीदवारों को बुलाया जाता है, तो उन्हें बैंक द्वारा निर्धारित केंद्र/स्थान पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

20. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अन्य योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वे यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे।

21. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट-ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट-ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अधिक आयु वालों को अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा।

22. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

23. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे **साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा** और यदि वे किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

24. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से उचित डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

पद/नियुक्ति की प्रकृति/श्रेणी/रिक्तियाँ/आयु का विवरण:

क्र. सं.	पद का नाम और प्रकार	नियुक्ति की प्रकृति	यूआर (अनारक्षित)	कुल	आयु वर्षों में (30.09.2026 तक)	
					न्यूनतम	अधिकतम
1.	**महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी**	**निश्चित अवधि के रोजगार**	01	01	40	55
2.	**उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)**	**निश्चित अवधि के रोजगार**	01	01	35	50
3.	**उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)**		01	01		
4.	**उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)**		01	01		
5.	**एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट**	**निश्चित अवधि के रोजगार**	01	01	30	45
6.	**एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट**		01	01		
कुल			**06**	**06**		

संक्षेपाक्षर: यूआर – अनारक्षित;

ख. शैक्षणिक योग्यता/प्रमाणपत्र/कार्य अनुभव/आवश्यक विशिष्ट कौशल का विवरण:

पद संख्या/पद नाम	1 - महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी
मूल योग्यता (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ आईटी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार या समकक्ष विषय में बी.ई./ बी. टेक/ एम. टेक/ एम.एससी. (सांख्यिकी/ कंप्यूटर विज्ञान)/ एम.ए. (सांख्यिकी)/ एम. सांख्यिकी/ एमसीए की डिग्री। **प्राथमिकता:** ❖ वित्त में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/ पीजीडीएम या इसके समकक्ष डिग्री। ❖ एमएल/ एआई/ प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP), वेब क्रॉलिंग और न्यूरल नेटवर्क्स में कोई प्रमाणन।
कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 15+ वर्षों का अनुभव। इसमें से कम से कम 3+ वर्ष का अनुभव एआई, एनालिटिक्स, मॉडल निगरानी, गवर्नेंस और व्यवसाय रूपांतरण में वरिष्ठ नेतृत्व स्तर का होना चाहिए। इस अनुभव में व्यवसाय, परिचालन, आईटी आदि से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ काम करना, और साथ ही एनालिटिक्स/एआई विशेषज्ञों की एक बड़ी टीम को संभालना शामिल होना चाहिए। व्यक्तिगत योगदानकर्ता के रूप में किया गया काम इन 3 वर्षों के अनुभव में नहीं गिना जाएगा। **प्राथमिकता:** अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों या फॉर्च्यून 500 कंपनियों में नेतृत्व (लीडरशिप) का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा।** **नोट:** उम्मीदवारों को अद्यतन और पूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो: (i) नौकरी की प्रकृति, (ii) अनुभव की तिथियां और अवधि, (iii) स्तर/ पद, (iv) नियोक्ता(ओं) द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ आदि। हालाँकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, कार्य की प्रकृति और दावा की गई अवधि को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है और बैंक के विवेक पर गुणों के आधार पर उस पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।
विशिष्ट कौशल:	**क. निम्नलिखित के कार्यान्वयन/ संचालन का नेतृत्व करने का अनुभव:** • मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और समय श्रृंखला मॉडल • कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान– जेनरेटिव/ एजेंटिक एआई • पावर BI / टेब्लू (Tableau) जैसे टूल्स का उपयोग करके विज़ुअलाइज़ेशन/ डैशबोर्ड बनाना • MLOps, ऑटो–एमएल और ऑटो–एडेप्टिव मशीन लर्निंग • डेटा वेयरहाउस, डेटा लेक और लेक हाउस। • बैच/ तात्कालिक एनालिटिक्स और मॉडल परिनियोजन। **ख. इन अवधारणाओं की समझ:** • डेटा वर्चुअलाइजेशन, डेटा फैब्रिक्स, डेटा मेश • क्लाउड–नेटिव परिनियोजन (कुबेरनेट्स पर आधारित) • जेन एआई/ एजेंटिक एआई का डिप्लॉयमेंट और सुरक्षा • REST एपीआई इंटीग्रेशन, एमसीपी, ओपनएआई एपीआई आदि जैसे मानक • बड़े पैमाने पर प्रणालियां परिनियोजित करना (कम से कम 1,00,000+ उपयोगकर्ता) • वर्कलोड का GPU एक्सेलरेशन **ग. जोखिम, मार्केटिंग, स्वचालन/दक्षता आदि सहित बैंकिंग के विभिन्न कार्यों में काम करने का अनुभव या प्रमाण–पत्र।**

पद संख्या/पद नाम	2 - उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)
मूल योग्यता (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ आईटी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार या समकक्ष विषय में बी.ई./ बी. टेक/ एम. टेक/ एम.एससी. (सांख्यिकी/ कंप्यूटर विज्ञान)/ एम.ए. (सांख्यिकी)/ एम. सांख्यिकी/ एमसीए की डिग्री। **प्राथमिकता:** ❖ वित्त में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/पीजीडीएम या इसके समकक्ष डिग्री। ❖ एमएल/एआई/प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP), वेब क्रॉलिंग और न्यूरल नेटवर्क्स में कोई प्रमाणन।
कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 10+ वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम 2+ वर्ष का अनुभव वरिष्ठ नेतृत्व भूमिका में होना चाहिए। इसमें जोखिम विश्लेषण, परिचालन विश्लेषण, एआई/ एमएल मॉडल निगरानी, मॉडल गवर्नेंस और व्यवसाय रूपांतरण जैसे कार्य शामिल होने चाहिए। **वरिष्ठ नेतृत्व के अनुभव (2+ वर्ष) में ये बातें शामिल होनी चाहिए:** • जोखिम, वयवसाय, परिचालन, अनुपालन, आंतरिक लेखापरीक्षा, आईटी और डेटा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ काम करना। • एनालिटिक्स, एआई, डेटा साइंस या मॉडल जोखिम पेशेवरों की एक बड़ी टीम का नेतृत्व करना। केवल व्यक्तिगत योगदानकर्ता के रूप में किया गया कार्य वरिष्ठ नेतृत्व के लिए आवश्यक 2+ वर्षों के अनुभव में नहीं गिना जाएगा। • बैंकिंग की महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में इस्तेमाल होने वाले विश्लेषणात्मक और एआई/एमएल मॉडल्स के विकास, वैधीकरण, डिप्लॉयमेंट, निगरानी या देखरेख का नेतृत्व करना।

	निम्नलिखित में से कुछेक क्षेत्रों (बिज़नेस डोमेन) में अनुभव: ➢ ऋण हामीदारी और ऋण जोखिम विशलेषण ➢ पूर्व चेतावनी प्रणालियां और पोर्टफोलियो निगरानी ➢ लेन–देन और धोखाधड़ी–जोखिम विश्लेषण ➢ परिचालन–जोखिम विश्लेषण ➢ वित्तीय–जोखिम विश्लेषण ➢ अनुपालन और वित्तीय अपराध विश्लेषण ➢ प्रक्रिया अनुकूलन और परिचालन–दक्षता विश्लेषण ➢ ग्राहक, संग्रहण या वसूली विश्लेषण **प्राथमिकता:** ➢ अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/ बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। ➢ उद्यम स्तर पर एनालिटिक्स या एआई सॉल्यूशंस लागू करने, और विनियामक, लेखापरीक्षाा या आंतरिक मॉडल–गवर्नेंस फ्रेमवर्क के तहत महत्वपूर्ण मॉडलों का प्रबंधन करने के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा।** **नोट:** उम्मीदवारों को अद्यतन और पूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो: (i) नौकरी की प्रकृति, (ii) अनुभव की तिथियां और अवधि, (iii) स्तर/ पद, (iv) नियोक्ता(ओं) द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ आदि। हालाँकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, कार्य की प्रकृति और दावा की गई अवधि को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है और बैंक के विवेक पर गुणों के आधार पर उस पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।
विशिष्ट कौशल:	**क. (प्रौद्योगिकी) के विकास और संचालन का नेतृत्व करने का अनुभव:** • मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, सांख्यिकीय और समय–श्रृंखला मॉडल। • अनुकूलन, पूर्वानुमान, सिमुलेशन और परिदृश्य–विश्लेषण समाधान। • परिचालन और जोखिम प्रबंधन निर्णयों में सहायक बैच और तात्कालिक वैश्लेषिकी। • मॉडल परिनियोजन, निगरानी, पुनः अंशांकन, रिटायरमेंट और सतत प्रदर्शन प्रबंधन। **ख. (व्यावसायिक क्षेत्र) के विकास और संचालन का नेतृत्व करने का अनुभव:** • प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, तनाव संकेतक और चूक–पूर्वानुमान मॉडल। • धोखाधड़ी का पता लगाने, लेनदेन की निगरानी और विसंगति का पता लगाने वाले मॉडल। • एएमएल सीएफटी प्राथमिकता और मॉडलिंग। • परिचालन जोखिम मॉडल, जिसमें प्रक्रिया जोखिम, हानि घटना और नियंत्रण–प्रभावशीलता विश्लेषण शामिल हैं। • वित्तीय जोखिम मॉडल और विश्लेषणात्मक समाधान, जिसमें लागू तरलता, बाजार, ब्याज दर या पूंजी जोखिम उपयोग के मामले शामिल हैं। • अनुपालन और वित्तीय अपराध विश्लेषण, जिसमें अलर्ट प्राथमिकता, नेटवर्क विश्लेषण और पैटर्न पहचान शामिल हैं। **ग. (प्लेटफ़ॉर्म) की गहरी समझ:** • एंड–टू–एंड मॉडल जीवनचक्र प्रबंधन, जिसमें डिज़ाइन, विकास, परीक्षण, स्वतंत्र सत्यापन, अनुमोदन, परिनियोजन, निगरानी, परिवर्तन नियंत्रण और रिटायरमेंट शामिल हैं। • मॉडल–जोखिम प्रबंधन, मॉडल इन्वेंट्री, मॉडल मैटेरियलिटी, सत्यापन मानक, प्रदर्शन सीमा, अपवाद और अभिशासन समितियां। • मॉडल–प्रदर्शन के उपाय, जैसे कि विभेदन, अंशांकन, स्थिरता, ड्रिफ्ट, फ़ॉल्स–पॉज़िटिव दरें और व्यावसायिक परिणामों के माप। • व्याख्या करने योग्य एआई, निष्पक्षता, पूर्वाग्रह (bias) का आकलन और पारदर्शिता संबंधी आवश्यकताएँ। • MLOps, मॉडल निगरानी, विशेषता प्रबंधन और मॉडलों का नियंत्रित संवर्धन। • डेटा वेयरहाउस, डेटा लेक, लेकहाउस और एंटरप्राइज़ एनालिटिकल प्लेटफ़ॉर्म। • जोखिम और परिचालन में जेनरेटिव एआई और एजेंटिक एआई के उपयोग के मामले साथ ही इनकी सुरक्षा, गोपनीयता, व्याख्यात्मकता, मानवीय निगरानी और नियंत्रण संबंधी आवश्यकताएँ। • उद्यम स्तर पर विश्लेषणात्मक समाधानों का परिनियोजन।

पद संख्या/पद नाम	**3 - उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)**
मूल योग्यता (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ आईटी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार या समकक्ष विषय में बी.ई./ बी. टेक/ एम. टेक/ एम.एससी. (सांख्यिकी/ कंप्यूटर विज्ञान)/ एम.ए. (सांख्यिकी)/ एम. सांख्यिकी/ एमसीए की डिग्री। **प्राथमिकता:** ❖ वित्त में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/पीजीडीएम या इसके समकक्ष डिग्री। ❖ एमएल/एआई/प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP), वेब क्रॉलिंग और न्यूरल नेटवर्क्स में कोई प्रमाणन।

कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 10+ वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम 2+ वर्ष का अनुभव वरिष्ठ नेतृत्व भूमिका में होना चाहिए। इसमें एआई गवर्नेंस, जिम्मेदार एआई, मॉडल जोखिम प्रबंधकन, विनियामक अनुपालन, डेटा गोपनीयता, सूचना सुरक्षा या प्रौद्योगिकी जोखिम और व्यवसाय रूपांतरण जैसे कार्य शामिल होने चाहिए।
	
	वरिष्ठ नेतृत्व के अनुभव (2+ वर्ष) में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:
	• व्यवसाय, जोखिम, अनुपालन, विधिक, डेटा गोपनीयता, सूचना सुरक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा, आईटी, डेटा और एआई जैसे विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ काम करना।
	• एआई अभिशासन, मॉडल जोखिम, अनुपालन, डेटा साइंस, टेक्नोलॉजी जोखिम या आश्वासन पेशेवरों की एक बड़ी टीम का नेतृत्व करना। केवल व्यक्तिगत योगदानकर्ता (अकेले काम करने वाले) की भूमिका में अनुभव, वरिष्ठ नेतृत्व के लिए आवश्यक वर्षों के अनुभव में नहीं गिना जाएगा।
	• एआई/एमएल, जेनरेटिव एआई, एजेंटिक एआई या एनालिटिकल मॉडल के लिए कंपनी की नीति, मानक और नियंत्रण ढांचा बनाने, लागू करने या उनकी निगरानी करने का नेतृत्व करना।
	• महत्वपूर्ण एआई /एमएल मॉडल और एआई –आधारित सिस्टम के लिए मॉडल सत्यापन, जोखिम आकलन, अनुपालन समीक्षा, लेखापरीक्षा समन्वय, समस्याओं के समाधान या गवर्नेंस रिपोर्टिंग का नेतृत्व करना।
	• निम्नलिखित में से कुछेक क्षेत्रों (बिज़नेस डोमेन) में अनुभव:
	  • एआई गवर्नेंस और ज़िम्मेदार एआई
	  • मॉडल जोखिम प्रबंधन और स्वतंत्र सत्यापन
	  • विनियामक अनुपालन और पर्यवेक्षी जुड़ाव
	  • डेटा गोपनीयता और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा
	  • सूचना सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जोखिम
	  • तृतीय पक्षा और आउटसोर्स किए गए एआई से जुड़े जोखिम
	  • उपभोक्ता सुरक्षा, निष्पक्षता और व्याख्यात्मकता
	  • लेखापरीक्षा, बीमा, समस्या प्रबंधन और समस्याओं का समाधान
	
	प्राथमिकता:
	• अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/ बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
	• उद्यम स्तर पर एआई गवर्नेंस या मॉडल–जोखिम ढांचा स्थापित करने, और विनियामक, लेखापरीक्षा या आंतरिक अभिशासन की आवश्यकताओं के तहत महत्वपूर्ण मॉडलों का प्रबंधन करने के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
	
	शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा।
	नोट: उम्मीदवारों को अद्यतन और पूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो:
	(i) नौकरी की प्रकृति,
	(ii) अनुभव की तिथियां और अवधि,
	(iii) स्तर/ पद,
	(iv) नियोक्ता(ओं) द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ आदि।
	हालाँकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, कार्य की प्रकृति और दावा की गई अवधि को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है और बैंक के विवेक पर गुणों के आधार पर उस पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

विशिष्ट कौशल:	**(प्रौद्योगिकी) के विकास और संचालन का नेतृत्व करने का अनुभव:** • एआई/ एमएल मॉडल का सत्यापन जिसमें वैचारिक सुदृढ़ता, डेटा मूल्यांकन, प्रदर्शन परीक्षण, बेंचमार्किंग, संवेदनशीलता विश्लेषण, परिणाम विश्लेषण और निरंतर निगरानी शामिल है। • जेनरेटिव एआई और एजेंटिक एआई समाधानों का सत्यापन और नियंत्रण मूल्यांकन; इसमें ग्राउंडिंग, मतिभ्रम, विषाक्तता, प्रॉम्प्ट इंजेक्शन, डेटा लीक, टूल–उपयोग, स्वायत्तता और मानवीय निगरानी से जुड़े जोखिमों का आकलन शामिल है। • मॉडल इन्वेंट्री, जोखिम का वर्गीकरण, तात्विकता आकलन, दस्तावेज़ीकरण, अनुमोदन, परिनियोजन, निगरानी, परिवर्तन प्रबंधन, रीकैलिब्रेशन और रिटायरमेंट। स्वचालित गवर्नेंस, जोखिम और अनुपालन कार्यप्रवाह, मॉडल की निगरानी, साक्ष्य रिपॉजिटरी, नीति नियंत्रण और प्रबंधन डैशबोर्ड। • तृतीय पक्ष मॉडल, फाउंडेशन मॉडल, एपीआई, एआई प्लेटफॉर्म और बाहरी स्रोतों से प्राप्त डेटा या सेवाओं का मूल्यांकन। **(व्यावसायिक क्षेत्र) के विकास और संचालन का नेतृत्व करने का अनुभव:** • एआई गवर्नेंस फ्रेमवर्क, जिम्मेदार एआई नीतियां, मानक, प्रक्रियाएं और नियंत्रण लाइब्रेरी। • क्रेडिट, जोखिम, धोखाधड़ी, अनुपालन, संचालन, मार्केटिंग, ग्राहक सेवा और मानव संसाधन (HR) प्रक्रियाओं में उपयोग किए जाने वाले एआई/ एमएल मॉडलों का सत्यापन और अनुपालन निगरानी। • महत्वपूर्ण उपयोग के मामलों के लिए गोपनीयता प्रभाव आकलन, एआई जोखिम आकलन, एल्गोरिथम प्रभाव आकलन और नियंत्रण समीक्षा। • ग्राहकों पर असर डालने वाले और स्वचालित निर्णय प्रणालियों का गवर्नेंस, जिसमें निष्पक्षता, व्याख्यात्मकता, पारदर्शिता, मानवीय समीक्षा, ओवरराइड और शिकायतों का समाधान शामिल है। • नियामक जांच, आंतरिक और बाहरी लेखापरीक्षा, गवर्नेंस समितियां, मुद्दों की ट्रैकिंग, सुधार और समाधान का सत्यापन। • तृतीय पक्ष एआई जोखिम मूल्यांकन, अनुबंध नियंत्रण, निरंतर निगरानी, संकेंद्रण जोखिम और निकास या प्रतिस्थापन की योजना। **(प्लेटफ़ॉर्म) की गहरी समझ:** • एंड–टू–एंड एआई और मॉडल जीवनचक्र अभिशासन, जिसमें यूज़–केस लेना, जोखिम का वर्गीकरण, विकास, सत्यापन, अनुमोदन, तैनाती, निगरानी, बदलाव नियंत्रण, घटना प्रबंधन और डीकमीशनिंग (सेवा से हटाना) शामिल हैं। • मॉडल–जोखिम प्रबंधन, मॉडल इन्वेंट्री, स्वामित्व, तात्विकता, सत्यापन की स्वतंत्रता, अनुमोदन प्राधिकरण, प्रदर्शन सीमाएं, अपवाद और अभिशासन समितियां। • जिम्मेदार एआई सिद्धांत, जिनमें निष्पक्षता, जवाबदेही, पारदर्शिता, स्पष्टता, सुरक्षा, विश्वसनीयता, गोपनीयता, और मानवीय निगरानी शामिल हैं। • लागू आरबीआई निर्देश और मार्गदर्शन, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम और नियम, सूचना–सुरक्षा आवश्यकताएं, और एआई –आधारित बैंकिंग से संबंधित अन्य नियामक या कानूनी दायित्व। • MLOps और LLMOps नियंत्रण, मॉडल और प्रॉम्प्ट वर्ज़निंग, मूल्यांकन, निगरानी, नियंत्रित संवर्धन, और विकास, परीक्षण तथा उत्पादन वातावरण में रोलबैक। • जेनरेटिव एआई और एजेंटिक एआई आर्किटेक्चर, जिसमें फाउंडेशन मॉडल, रिट्रीवल–ऑगमेंटेड जनरेशन (RAG), वेक्टर डेटाबेस, एपीआई, एमसीपी, गार्डरेल्स, टूल एक्सेस और ऑर्केस्ट्रेशन शामिल हैं। • क्लाउड–नेटिव और ऑन–प्रिमाइसेस (स्थानीय सर्वर पर) परिनियोजन।

पद संख्या/पद नाम	4 - उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)
मूल योग्यता (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ आईटी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार या समकक्ष विषय में बी.ई./ बी. टेक/ एम. टेक/ एम.एससी. (सांख्यिकी/ कंप्यूटर विज्ञान)/ एम.ए. (सांख्यिकी)/ एम. सांख्यिकी/ एमसीए की डिग्री। **प्राथमिकता:** ❖ वित्त में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/पीजीडीएम या इसके समकक्ष डिग्री। ❖ एमएल/एआई/प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP), वेब क्रॉलिंग और न्यूरल नेटवर्क्स में कोई प्रमाणन।
कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** बैंकिंग/ बीएफएसआई/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में न्यूनतम 10+ वर्षों का अनुभव। इसमें से कम से कम 2+ वर्ष का अनुभव वरिष्ठ नेतृत्व भूमिका में होना चाहिए, जिसमें डेटा इंजीनियरिंग, एआई/ एमएल एप्लिकेशन विकास, MLOps/AI Ops, उद्यम एकीकरण और प्रौद्योगिकी रूपांतरण जैसे कार्य शामिल हों। **वरिष्ठ नेतृत्व के अनुभव (2+ वर्ष) में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:** • व्यवसाय, परिचालन, जोखिम, आईटी, सूचना सुरक्षा, डेटा विश्लेषण और एआई जैसे विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ काम करना। • डेटा इंजीनियरों, एप्लिकेशन डेवलपर्स, एमएल इंजीनियरों, प्लेटफ़ॉर्म इंजीनियरों, DevOps/ MLOps पेशेवरों या सॉल्यूशन आर्किटेक्ट्स की एक बड़ी टीम का नेतृत्व करना। केवल व्यक्तिगत योगदानकर्ता (अकेले काम करने वाले) की भूमिका में अनुभव, वरिष्ठ नेतृत्व के लिए आवश्यक 2 वर्षों के अनुभव में नहीं गिना जाएगा। • उद्यम-स्तर के डेटा पाइपलाइन्स, एआई/ एमएल एप्लिकेशन, एपीआई और मॉडल-सर्विंग प्लेटफ़ॉर्म के डिज़ाइन, विकास,परिनियोजन और परिचालन का नेतृत्व करना। • उत्पादन परिचालन का नेतृत्व करना, जिसमें उपलब्धता प्रदर्शन, क्षमता, सुरक्षा, घटना प्रबंधन, परिवर्तन प्रबंधकन और डिज़ास्टर रिकवरी शामिल हों। **निम्नलिखित में से कुछेक क्षेत्रों (बिज़नेस डोमेन) का अनुभव:** • उद्यम डेटा प्लेटफ़ॉर्म और विश्लेषणात्मक अनुप्रयोग • तात्कालिक और बैच डेटा प्रसंस्करण • एआई/एमएल मॉडल एप्लिकेशन विकास और इंटीग्रेशन • MLOps, LLMOps और एआई प्लेटफ़ॉर्म परिचालन • ग्राहकों या कर्मचारियों के लिए डिजिटल एप्लिकेशन • जोखिम, धोखाधड़ी, अनुपालन, परिचालन या मार्केटिंग विश्लेषण • बड़ी मात्रा में लेन-देन और घटना-प्रसंस्करण प्रणाली • टेक्नोलॉजी वेंडर और प्रणाली एकीकरण प्रबंधन **प्राथमिकता:** • अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/ बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। • उद्यम स्तर पर डेटा और एआई प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराने का अनुभव, जिसमें कोर बैंकिंग और अन्य महत्वपूर्ण प्रणालियों के साथ सुरक्षित एकीकरण शामिल हो, उसे प्राथमिकता दी जाएगी। **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा।** **नोट:** उम्मीदवारों को अद्यतन और पूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो: (i) नौकरी की प्रकृति, (ii) अनुभव की तिथियां और अवधि, (iii) स्तर/पद, (iv) नियोक्ता(ओं) द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ आदि। हालाँकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, कार्य की प्रकृति और दावा की गई अवधि को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है और बैंक के विवेक पर गुणों के आधार पर उस पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।
विशिष्ट कौशल:	• डेटा इंजीनियरिंग, ETL/ELT, स्ट्रीमिंग, डेटा गुणवत्ता, मेटाडेटा और ऑर्केस्ट्रेशन। • एआई/एमएल, एपीआई, माइक्रोसर्विसेज और घटना-प्रेरित एकीकरण। • MLOps/LLMOps, CI/CD, कुबेरनेट्स, स्वचालन और प्रेक्षणीयता। • सुरक्षित, स्केलेबल और हमेशा उपलब्ध एआई एप्लिकेशन। • जेनरेटिव और एजेंटिक एआई, जिसमें RAG, वेक्टर डेटाबेस, एमसीपी और सूरक्षा उपाय शामिल हैं। **व्यवसाय डोमेन नेतृत्व:** • उद्यम डेटा और एआई उत्पाद तथा सेवाएँ। • कोर बैंकिंग, लेंडिंग, सीआरएम, डिजिटल चैनलों और कार्य-प्रवाह के साथ एआई का एकीकरण। • तत्काल निर्णय लेना, अलर्ट, सुझाव और स्ट्रेट-थ्रू प्रसंस्करण। • उत्पादन सहायता, रिलीज़, घटना और प्रदर्शन प्रबंधन। • हितधारकों, प्रणाली एकीकरणकर्ताओं, ओईएम और वेंडर्स के साथ समन्वय। **प्लेटफ़ॉर्म विशेषज्ञता:** • उद्यम डेटा और एआई आर्किटेक्चर: वेयरहाउस, लेक, लेकहाउस और वर्चुअलाइज़ेशन। • वितरित प्रसंस्करण, स्ट्रीमिंग, फ़ीचर स्टोर, मॉडल रजिस्ट्री और वेक्टर डेटाबेस। • MLOps/LLMOps, DevSecOps, CI/CD, परीक्षण और पर्यावरण नियंत्रण। • क्लाउड/ऑन-प्रिमाइसेस परिनियोजन, कुबेरनेट्स GPU, एपीआई और पहचान नियंत्रण। • सुरक्षा, गोपनीयता, एन्क्रिप्शन, भेद्यता, लेखापरीक्षा और गोपनीयता प्रबंधन। • प्रेक्षणीयता, लचीलापन, बैकअप, डिज़ास्टर रिकवरी और प्रदर्शन इंजीनियरिंग। • उद्यम आर्किटेक्चर, मानक, प्रोक्योरमेंट और वेंडर अभिशासन।

पद संख्या/पद नाम	5 - एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट
मूल योग्यता (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा साइंस, एआई, व्यवसाय प्रशासन, प्रबंधन या इससे संबंधित विषय में स्नातक/ स्नातकोत्तर डिग्री।
अन्य योग्यता (30.09.2026 तक)	**अधिमान्य प्रमाणन:** ❖ एआई समाधान आर्किटेक्चर में प्रमाणन। ❖ व्यवसाय विश्लेषण या उतपाद प्रबंधन में कोई भी प्रमाणन होना एक अतिरिक्त लाभ होगा। ❖ एमएल/ एआई/ प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, वेब क्रॉलिंग और न्यूरल नेटवर्क में कोई भी प्रमाणन होना एक अतिरिक्त लाभ होगा।
कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** कुल मिलाकर न्यूनतम 8 वर्षों का अनुभव, जिसमें एआई/ एनालिटिक्स सॉल्यूशंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, प्रौद्योगिकी परामर्श या सॉल्यूशन आर्किटेक्चर में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव शामिल हो। इसमें व्यावसायिक आवश्यकताओं को एंटरप्राइज़ टेक्नोलॉजी/ एआई सॉल्यूशंस में बदलने का प्रमाणित अनुभव होना चाहिए (बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी)। **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा।** **नोट:** उम्मीदवारों को अद्यतन और पूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो: (i) नौकरी की प्रकृति, (ii) अनुभव की तिथियां और अवधि, (iii) स्तर/पद, (iv) नियोक्ता(ओं) द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ आदि। हालाँकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, कार्य की प्रकृति और दावा की गई अवधि को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है और बैंक के विवेक पर गुणों के आधार पर उस पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।
विशिष्ट कौशल:	• एआई समाधान डिज़ाइन • व्यावसायिक आवश्यकताओं रूपांतरण • डिज़ाइन चिंतन • एआई/ जेन एआई प्रयोग मामले का विकास • प्रणाली और समाधान का ब्लूप्रिंट तैयार करना • व्यावसायिक प्रक्रियाओं की समझ • हितधारक प्रबंधन • समाधान की स्केलेबिलिटी का आकलन • ज़िम्मेदार एआई • एआई जोखिम और सुरक्षा उपाय • डेटा और एकीकरण की समझ • मॉडल और तकनीक का मूल्यांकन • व्यवसाय मामला तैयार करना • उत्पाद जीवनचक्र प्रबंधन • प्रोग्राम समन्वय • LLMs, RAG, एजेंटिक एआई, एपीआई, एआई/ एमएल परिनियोजन और NVIDIA-आधारित एआई वातावरण की व्यावहारिक जानकारी।

पद संख्या/पद नाम	6 - एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट
मूल योग्यता (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, डेटा साइंस, एआई या इसी तरह के किसी विषय में स्नातक/ स्नातकोत्तर डिग्री।
अन्य योग्यता (30.09.2026 तक)	**अधिमान्य प्रमाणन:** ❖ TOGAF प्रमाणन ❖ उद्यम एआई आर्किटेक्चर से जुड़ा कोई भी प्रमाणन, जिसमें एआई /एमएल और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के लिए एंड-टू-एंड समाधान डिज़ाइन करना शामिल हो, एक अतिरिक्त लाभ होगा।
कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (30.09.2026 तक)	**अनिवार्य:** कुल मिलाकर न्यूनतम 8 वर्षों का टेक्नोलॉजी अनुभव, जिसमें एंटरप्राइज़, प्लेटफ़ॉर्म, डेटा या एआई आर्किटेक्चर में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव शामिल हो। साथ ही, बड़े पैमाने पर एआई/ एमएल वातावरण में काम करने का अनुभव होना चाहिए (बीएफएसआई या किसी अन्य विनियमित उद्योग में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी)। **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा।** **नोट:** उम्मीदवारों को अद्यतन और पूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो: (i) नौकरी की प्रकृति, (ii) अनुभव की तिथियां और अवधि, (iii) स्तर/पद, (iv) नियोक्ता(ओं) द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियाँ आदि। हालाँकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, कार्य की प्रकृति और दावा की गई अवधि को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है और बैंक के विवेक पर गुणों के आधार पर उस पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

विशिष्ट कौशल:	• उद्यम एआई आर्किटेक्चर • NVIDIA एआई उद्यम पारिस्थितिकी प्रणाली • GPU इंफ्रास्ट्रक्चर और कार्यभार आर्किटेक्चर • जेनरेटिव एआई और एलएलएम आर्किटेक्चर • RAG • वेक्टर डेटाबेस • एजेंटिक एआई • मॉडल गेटवे और मॉडल सर्विंग • ML Ops/LLM Ops • कंटेनराइजेशन और कुबेरनेट्स • एंटरप्राइज़ डेटा आर्किटेक्चर • एपीआई और एकीकरण आर्किटेक्चर • एआई सुरक्षा • ज़िम्मेदार एआई • मॉडल गवर्नेंस • इंफ्रास्ट्रक्चर आकार • स्केलेबिलिटी, लचीलापन और आपदा बहाली • प्रौद्योगिकी मानक और आर्किटेक्चर अभिशासन

महत्वपूर्ण बिंदु:

1. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है। उम्मीदवार को निर्दिष्ट तिथियों तक मूल योग्यता के बाद और प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए।
2. **नियोक्ता से प्राप्त प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है।**
3. यदि डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र निर्दिष्ट नहीं करते हैं, तो वहाँ उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ग. कार्य की संक्षिप्त रुपरेखा, भूमिका और दायित्व, कार्य और कार्यकलाप का विवरण:

क्र. सं.	पद	कार्य की रुपरेखा, भूमिका, उत्तरदायित्व और कार्यों के विवरण
1.	**महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी**	**कार्य प्रोफ़ाइल:** • परिचालन दक्षता बढ़ाने और जोखिम कम करने के लिए मशीन लर्निंग/ कृत्रिम बुद्धिमत्ता/ प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण/ पार्सिंग टूल्स के कार्यान्वयन और संचालन का नेतृत्व करना। • उद्यम एआई प्लेटफ़ॉर्म (जेनरेटिव और एजेंटिक एआई के लिए) सहित बड़े डेटा स्केलेबल कार्यप्रवाह प्रणाली को डिज़ाइन और लागू करना। • क्लाउडडेरा डेटा लेकहाउस, उद्यम एपीआई प्लेटफ़ॉर्म आदि के साथ परिचालनात्मक और विश्लेषणात्मक एकीकरण के ज़रिए बड़े पैमाने पर एआई समाधान प्रदान करना। • आंतरिक उत्पादन प्लेटफ़ॉर्म और क्लाइंट डिलीवरी प्लेटफ़ॉर्म के लिए नई कार्यक्षमताएँ तैयार करना। • उत्पाद प्रबंधन, व्यवसाय, गुणवत्ता आश्वासन, डेटा परिचालन और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर टीमों के साथ मिलकर काम करना। • संभावित बड़े प्रयोग मामले की पहचान करना और बैंक में इस तरह के बदलाव को अपनाने की प्रक्रिया का नेतृत्व करना। **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):** **मुख्य जिम्मेदारियां:** • एआई/ डेटा उत्पादों के लिए स्थायी 'कंट्रोल टावर' के रूप में व्यावसायिक सहयोग की देखरेख करना। • औपचारिक व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सुचारू एकीकरण सुनिश्चित करना, मानक परिचालन प्रक्रिया/ परिचालन दिशानिर्देश तैयार करना आदि। • आंतरिक और विनियामक नियमों का पालन सुनिश्चित करना। • लागू किए गए एआई समाधानों के प्रदर्शन और प्रभाव की निगरानी करना। • कार्यक्षमता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए एआई से जुड़ी प्रक्रियाओं को इष्टतम बनाना। • बैंक के अभिशासन मानकों और शीर्ष प्रबंधन के निर्देशों आदि के अनुरूप काम करना। • परिचालन कार्यप्रवाह में एआई को शामिल करने के लिए विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों के साथ सहयोग करना। • परिचालन कर्मचारियों के प्रशिक्षण और एआई को अपनाने के लिए कार्यक्रम चलाना। • मॉडलों में लगातार जोखिम और प्रदर्शन का मूल्यांकन करना। • स्वतंत्र मॉडल सत्यापन टीम की देखरेख करना। • अनुपालन की पेशेवर संस्कृति को बढ़ावा देना और बेहतरीन एचआर प्रथाओं का विकास करना। • विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेना और उद्योग विशेषज्ञों, शैक्षणिक केंद्रों, सलाहकारों तथा तकनीकी कंपनियों के साथ संपर्क बनाए रखना।
2.	**उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)**	**कार्य प्रोफ़ाइल:** क. बैंक के जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी कार्य का नेतृत्व करना। जोखिम, अनुपालन, व्यवसाय और परिचालन के क्षेत्रों में उन्नत एनालिटिक्स, एआई और मशीन लर्निंग को लागू करने के लिए पूरे संस्थान के स्तर पर एक रोडमैप तैयार करना। ख. निम्नलिखित कार्यों के लिए विश्लेषणात्मक और एआई/एमएल मॉडल के डिजाइन, विकास, सत्यापन, कार्यान्वयन और निरंतर संचालन का नेतृत्व करना: • पोर्टफोलियो–जोखिम की निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली • संग्रहण, वसूली और चूक का प्रबंधन • धोखाधड़ी की रोकथाम और लेनदेन जोखिम प्रबंधन • परिचालन जोखिम की पहचान और नियंत्रण की निगरानी • अनुपालन और वित्तीय अपराध से जुड़े जोखिम का प्रबंधन • वित्तीय जोखिम का मापन और निगरानी • परिचालन दक्षता, स्वचालन और प्रक्रिया इष्टतमीकरण

		ग. उद्यम डेटा और एपीआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से एनालिटिकल मॉडल और डिसीजन इंजन को कोर बैंकिंग, ऋण प्रवर्तन, धोखाधड़ी, जोखिम, अनुपालन और परिचालन कार्यप्रवाह में एकीकृत करना। घ. महत्वपूर्ण निर्णयों या ग्राहकों पर असर डालने वाले निर्णयों के लिए मानवीय हस्तक्षेप वाले नियंत्रण, ओवरराइड तंत्र, लेखापरीक्षा ट्रेल और एस्केलेशन प्रक्रियाएं स्थापित करना। ड. उच्च प्रभाव वाले जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी के उपयोग के मामलों की पहचान करना। इन्हें संभावित नुकसान में कमी, नियामक महत्व, ग्राहकों पर प्रभाव, परिचालन दक्षता और लागू करने की व्यवहार्यता के आधार पर प्राथमिकता देना। च. जोखिम बुद्धिमत्ता, जांच में सहायता, दस्तावेज़ विश्लेषण, अपवाद प्रबंधन, अनुपालन समीक्षा और परिचालन निर्णय लेने में सहायता जैसे नियंत्रित उपयोग के मामलों के लिए जेनरेटिव और एजेंटिक एआई को जिम्मेदारीपूर्वक अपनाना। छ. जोखिम, व्यवसाय, परिचालन, अनुपालन, आंतरिक लेखापरीक्षा, डेटा, सूचना सुरक्षा और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर टीमों के साथ मिलकर काम करना। ज. मॉडल के प्रदर्शन, उभरते जोखिमों, नियंत्रण अंतरालों, प्रोग्राम की प्रगति और प्राप्त लाभों के बारे में वरिष्ठ प्रबंधन और संबंधित अभिशासन समितियों को जानकारी देना। **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):** • एआई मॉडल के विकास, परीक्षण और परिनियोजन की देखरेख करना। • यह सुनिश्चित करना कि मॉडल व्यावसायिक आवश्यकताओं और प्रदर्शन मानकों को पूरा करते हों। • व्यावसायिक प्रक्रियाओं में मॉडल को शामिल करने के लिए विभिन्न विभागों की टीमों के साथ मिलकर काम करना। • व्यावसायिक चुनौतियों को हल करने के लिए एआई के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देना। • शैक्षणिक संस्थानों और टेक्नोलॉजी वेंडरों के साथ साझेदारी विकसित करना।
3.	**उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)**	**कार्य प्रोफ़ाइल:** • बैंक के एआई अभिशासन और अनुपालन कार्यों का नेतृत्व करना, और मशीन लर्निंग, जेनरेटिव एआई तथा एजेंटिक एआई के लिए पूरे संस्थान के स्तर पर एक फ्रेमवर्क स्थापित करना। • एआई अभिशासन नीतियों, मानकों, प्रक्रियाओं, जोखिम–वर्गीकरण पद्धतियों, नियंत्रण आवश्यकताओं और अनुमोदन प्रक्रियाओं को विकसित करना, बनाए रखना और लागू करना। • महत्वपूर्ण एआई /एमएल मॉडल और एआई –आधारित प्रणालियों के स्वतंत्र सत्यापन और समय–समय पर होने वाली समीक्षा का नेतृत्व करना या उनकी देखरेख करना। • जेनरेटिव और एजेंटिक एआई के लिए गवर्नेंस नियंत्रण स्थापित करना। • आरबीआई के निर्देशों और मार्गदर्शन, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण फ्रेमवर्क, सूचना सुरक्षा आवश्यकताओं, आंतरिक नीतियों, और एआई –आधारित बैंकिंग से जुड़े अन्य कानूनी या विनियामक दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करना। • उत्पादन में लागू करने से पहले और किसी बड़े बदलाव के बाद, एआई जोखिम मूल्यांकन, गोपनीयता प्रभाव मूल्यांकन, सुरक्षा मूल्यांकन, अनुपालन समीक्षा और अनुमोदन प्रक्रियाओं का समन्वय करना। • तृतीय–पक्ष एआई अभिशासन की देखरेख करना, जिसमें उचित परिश्रम, संविदात्मक सुरक्षा उपाय, डेटा उपयोग प्रतिबंध, सत्यापन अधिकार आदि शामिल हैं। • मॉडल प्रदर्शन, विचलन, पूर्वाग्रह, नियंत्रण अपवाद, नीति उल्लंघन, घटनाएँ, विनियामक अवलोकन, लेखापरीक्षा निष्कर्ष और सुधार की स्थिति के लिए निगरानी और रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित करना। • प्रासंगिक अभिशासन समितियों का गठन करना या उनका समर्थन करना तथा वरिष्ठ प्रबंधन और उपयुक्त बोर्ड–स्तरीय समितियों को महत्वपूर्ण एआई जोखिमों, अपवादों, घटनाओं, अनुपालन स्थिति और सुधार की प्रगति प्रस्तुत करना। • विनियामक निरीक्षण, आंतरिक और बाह्य लेखापरीक्षा, मॉडल समीक्षा और अनुपालन परीक्षण का समन्वय करना तथा अवलोकनों और सुधार कार्यों का समय पर, साक्ष्य–आधारित समाधान सुनिश्चित करना। • एआई जीवनचक्र और उद्यम प्लेटफार्मों में अभिशासन नियंत्रणों को समाहित करने के लिए व्यवसाय, जोखिम, अनुपालन, कानूनी, डेटा गोपनीयता, सूचना सुरक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा, आईटी, डेटा और एआई टीमों के साथ मिलकर काम करना। • एआई शासन, मॉडल सत्यापन, अनुपालन, प्रौद्योगिकी जोखिम, गोपनीयता और आश्वासन पेशेवरों की एक बहु–विषयक टीम का निर्माण और नेतृत्व करना। • बैंक के एआई पारिस्थितिकी प्रणाली में सुनियोजित अभिशासन, मानकीकृत दस्तावेज़ीकरण, पुनः प्रयोज्य नियंत्रण, स्वचालित साक्ष्य संग्रहण और निरंतर सुधार को बढ़ावा देना। **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):** ➢ आवश्यकताओं और चुनौतियों की पहचान करने के लिए व्यावसायिक इकाइयों के साथ मिलकर काम करना। ➢ मॉडल का सत्यापन और परीक्षण। ➢ एआई समाधानों को व्यवसाय के लक्ष्यों के अनुरूप बनाना। ➢ एआई अभिशासन नीतियों (जैसे नैतिकता, अनुपालन) को विकसित और लागू करना। ➢ विनियामक अनुपालन (जैसे आरबीआई, डीपीडीपी आदि) सुनिश्चित करना।
4.	**उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)**	**कार्य प्रोफ़ाइल:** • बैंक के डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन (AI Ops) कार्यों का नेतृत्व करना। साथ ही, स्केलेबल, सुरक्षित और भरोसेमंद डेटा और एआई डिलीवरी के लिए एक उद्यम रोडमैप तैयार करना। • उद्यम डेटा पाइपलाइनों, एआई/एमएल एप्लिकेशनों, मॉडल–सर्विंग सेवाओं, एपीआई और दोबारा इस्तेमाल होने वाली प्लेटफॉर्म क्षमताओं के डिजाइन, विकास और संचालन का नेतृत्व करना। • जीआईटीसी और संबंधित टेक्नोलॉजी टीमों के साथ समन्वय करना। • डेटा पाइपलाइनों, एप्लिकेशन विकास, API, MLOps, LLMOps, DevSecOps, परीक्षण, दस्तावेजीकण और रिलीज प्रबंधन के लिए मानक तय करना। • उद्यम डेटा, एपीआई और इवेंट–स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के जरिए एनालिटिकल मॉडल और एआई एप्लिकेशनों को कोर बैंकिंग, डिजिटल चैनलों और परिचालन कार्यप्रवाह में एकीकृत करना।

		• एआई/एमएल मॉडल और जेनरेटिव या एजेंटिक एआई एप्लिकेशनों के लिए स्वचालित परिनियोजन, निगरानी, रोलबैक, रीकैलिब्रेशन और रिटायरमेंट की प्रक्रियाएं स्थापित करना। • उत्पादन एप्लिकेशन, पाइपलाइन और एआई प्लेटफॉर्म की उच्च उपलब्धता, स्केलेबिलिटी, सुरक्षा, लचीलापन और प्रदर्शन को सुनिश्चित करना। • उपलब्धता, लेटेंसी, थ्रूपुट, डेटा की गुणवत्ता, मॉडल प्रदर्शन, घटना, क्षमता और लागत के उपयोग से जुड़ी प्रेक्षणीयता और सेवा प्रबंधन प्रक्रियाओं को लागू करना। • प्रदर्शन अनुकूलन, क्षमता नियोजन, GPU का नेतृत्व करना और उपयोग, आपदा बहाली और व्यवसाय–निरंतरता की तैयारियों की संगणना करना। • उद्यम आर्किटेक्चर, सूचना सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, मॉडल अभिशासन, लेखापरीक्षा और नियामक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना। • टेक्नोलॉजी वेंडर, सिस्टम इंटीग्रेटर और प्लेटफॉर्म प्रदाताओं का प्रबंधन करना, जिसमें डिलीवरी की गुणवत्ता, सेवा स्तर, सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारियां और ज्ञान हस्तांतरण शामिल हैं। • डेटा साइंस, सूचना सुरक्षा और आईटी टीमों के साथ मिलकर काम करना, ताकि उच्च–मूल्य वाले डेटा और एआई के उपयोग वाले मामलों को प्राथमिकता दी जा सके और उन्हें डिलीवर किया जा सके। • डेटा इंजीनियर, एप्लिकेशन डेवलपर, एमएल इंजीनियर, प्लेटफॉर्म इंजीनियर, DevOps/MLOps पेशेवर और समाधान आर्किटेक्ट की एक बहु–विषयक टीम बनाना और उसका नेतृत्व करना। • बैंक के डेटा इंजीनियरिंग और एआई एप्लिकेशन पारिस्थितिकी प्रणाली में मानकीकरण, पुनः उपयोग, स्वचालन और निरंतर सुधार को बढ़ावा देना। **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):** ➢ एआई अनुप्रयोगों की तैनाती के लिए जीआईटीसी के साथ समन्वय स्थापित करना ➢ एआई विकास और परिनियोजन के लिए बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करना (जैसे, डेटा लेक, संगणना संसाधन)। ➢ एआई अनुप्रयोगों की विश्वसनीयता और स्केलेबिलिटी सुनिश्चित करना। ➢ मौजूदा प्रणालियों के साथ एकीकरण की निगरानी करना। ➢ अनुप्रयोग प्रदर्शन को बनाए रखना। ➢ डेटा संग्रह, प्रसंस्करण और भंडारण की निगरानी करना। ➢ व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के लिए एआई मॉडल के परिनियोजन का नेतृत्व करना। ➢ डेटा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के साथ समन्वय स्थापित करना।
5.	**एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट**	**कार्य प्रोफ़ाइल:** भूमिका प्रोफ़ाइल: बैंक भर में विस्तारित किए जा सकने वाले और प्राथमिकता वाली व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के लिए एआई–आधारित समाधानों की पहचान, अवधारणा, डिज़ाइन और कार्यान्वयन हेतु व्यावसायिक इकाइयों और प्रौद्योगिकी टीमों के साथ साझेदारी करना। **मुख्य जिम्मेदारियां:** • व्यावसायिक समस्याओं, प्रक्रियाओं, कठिनाइयों को समझने और वांछित परिणामों के लिए व्यावसायिक हितधारकों के साथ मिलकर काम करना। • उन अवसरों की पहचान करना जहां एआई, जनरेटिव एआई या उन्नत एनालिटिक्स मापने योग्य व्यावसायिक मूल्य सृजित कर सकते हैं। • व्यावसायिक आवश्यकताओं को स्पष्ट एआई समाधान अवधारणाओं, कार्यात्मक आवश्यकताओं और एंड–टू–एंड सिस्टम ब्लूप्रिंट में बदलना। • यह तय करना कि प्रस्तावित एआई समाधान मौजूदा व्यावसायिक प्रक्रियाओं, एप्लिकेशन, डेटा प्रवाह और परिचालन मॉडल में कैसे फिट बैठता है • विभिन्न समाधान विकल्पों का मूल्यांकन करना और सबसे उपयुक्त एआई –आधारित समाधान की सिफारिश करना। • कार्यात्मक समाधान घटकों को परिभाषित करना, जिसमें उपयोगकर्ता यात्रा, एआई क्षमताएं, मानवीय हस्तक्षेप के बिंदु, व्यावसायिक नियम, कार्यप्रवाह, डेटा आवश्यकताएं और प्रणालीगत अन्योन्यक्रियाएं शामिल हैं। • समाधान ब्लूप्रिंट को लागू करने योग्य तकनीकी डिज़ाइन में बदलने के लिए एआई इंजीनियरों, डेटा वैज्ञानिकों, उद्यम आर्किटेक्ट्स, डेटा टीमों और एप्लिकेशन टीमों के साथ मिलकर काम करना। • यह सुनिश्चित करना कि तकनीकी टीमें अपेक्षित व्यावसायिक परिणामों और कार्यात्मक आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से समझें • विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों और ग्राहक वर्गों में समाधानों की स्केलेबिलिटी, पुनः प्रयोज्यता और प्रयोज्यता का आकलन करना • अलग–अलग प्रयोग के मामलों को पुनः प्रयोज्य उद्यम क्षमताओं में बदलने के अवसर पहचानें • उचित एआई जोखिम नियंत्रण, सुरक्षा उपाय (guardrails), 'ह्यूमन–इन–द–लूप' तंत्र, व्याख्यात्मक अपेक्षाओं और अपवाद–निपटान प्रक्रियाओं को परिभाषित करना • यह सुनिश्चित करने के लिए कि समाधान सभी लागू विनियामक, नैतिक, गोपनीयता और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, जोखिम, अनुपालन, सूचना सुरक्षा, कानूनी और डेटा गवर्नेंस टीमों के साथ मिलकर काम करना • अपेक्षित लाभ, कार्यान्वयन प्रयास, निर्भरताएँ और प्रमुख जोखिमों सहित व्यावसायिक मामलों के विकास में सहयोग प्रदान करना। • प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट्स (PoCs) और पायलट परियोजनाओं में भाग लेना और स्केल–अप से पहले यह आकलन करना कि समाधान व्यावसायिक स्वीकृति मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। • विकास, परीक्षण, कार्यान्वयन और व्यावसायिक रोलआउट के दौरान समाधान टीमों का मार्गदर्शन करना। • कार्यान्वयन के दौरान उत्पन्न होने वाले व्यावसायिक–कार्यात्मक मुद्दों के समाधान का समन्वय करना। • एआई समाधानों के लिए सफलता के मापदंड और अपनाने की आवश्यकताओं को परिभाषित करना। • कार्यान्वयन के बाद के परिणामों की निगरानी करना और समाधान की प्रभावशीलता में सुधार के लिए संवर्द्धन की अनुशंसा करना। • बैंक भर में सामान्य एआई उपयोग मामलों के लिए पुनः प्रयोज्य समाधान पैटर्न, टेम्पलेट और ब्लूप्रिंट बनाना।

		मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए): • प्राथमिकता वाली व्यावसायिक समस्याओं और आवश्यकताओं को सुव्यवस्थित एआई –आधारित समाधान अवधारणाओं और ब्लूप्रिंट में परिवर्तित करना। • यह सुनिश्चित करना कि प्रस्तावित एआई समाधान स्पष्ट रूप से परिभाषित व्यावसायिक परिणामों को संबोधित करते हैं और व्यावसायिक और तकनीकी हितधारकों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हैं। • व्यावसायिक प्रक्रियाओं, एआई क्षमताओं, डेटा, एकीकरण, वर्कफ़्लो और मानवीय हस्तक्षेप बिंदुओं को कवर करते हुए संपूर्ण कार्यात्मक और सिस्टम ब्लूप्रिंट विकसित करना। • जहां भी लागू हो, विभिन्न कार्यों, उत्पादों, भौगोलिक क्षेत्रों और ग्राहक वर्गों में स्केलेबिलिटी और पुनः उपयोग के लिए समाधान डिजाइन करना। • समाधान डिजाइन में उपयुक्त जिम्मेदार एआई सिद्धांतों, जोखिम नियंत्रणों, सुरक्षा उपायों, मानवीय निगरानी, व्याख्यात्मकता और अपवाद तंत्रों को शामिल करना। • समाधान ब्लूप्रिंट को परिनियोजित करने योग्य एआई समाधानों में बदलने के लिए तकनीकी टीमों के साथ मिलकर काम करना और अवधारणा से लेकर उत्पादन तक डिलीवरी में सहयोग प्रदान करना। • एआई पहलों के लिए सफलता के पैमाने तय करना और यह सुनिश्चित करना कि लागू किए गए समाधान अपेक्षित व्यावसायिक परिणाम, कार्यक्षमता, बेहतर ग्राहक अनुभव या जोखिम प्रबंधन में सुधार लाएं। • व्यवसाय, एआई /एनालिटिक्स, आईओ, डेटा, जोखिम, अनुपालन, सूचना सुरक्षा और कार्यान्वयन भागीदारों के बीच प्रभावी सहयोग को बढ़ावा दें। • दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले एआई समाधान पैटर्न विकसित करना और पूरे बैंक में सफल समाधानों को बड़े पैमाने पर लागू करने के अवसरों की पहचान करना।
6.	**एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट**	**कार्य प्रोफ़ाइल:** भूमिका: बैंक के पूरे उद्यम–स्तरीय एआई आर्किटेक्चर और भविष्य के टेक्नोलॉजी पारिस्थितिकी प्रणाली को परिभाषित करना, प्रबंधित करना और विकसित करना। इसमें मुख्य रूप से बैंक के ऑन–प्रिमाइसेस NVIDIA-आधारित एआई प्लेटफॉर्म और उससे जुड़े आर्किटेक्चर मानकों की जिम्मेदारी शामिल है। **मुख्य जिम्मेदारियां:** • एसबीआई के व्यावसायिक उद्देश्यों और तकनीकी रोडमैप के अनुरूप, एक व्यापक उद्यम एआई आर्किटेक्चर रणनीति को परिभाषित करना और विकसित करना। • विशेष रूप से उच्च–प्रदर्शन वाले एआई एप्लिकेशन के लिए छतखऊख एआई उद्यम पारिस्थितिकी प्रणाली का उपयोग करते हुए GPU इंफ्रास्ट्रक्चर और वर्कलोड आर्किटेक्चर को डिज़ाइन और अनुकूलित करना। • रिट्रीवल ऑगमेंटेड जनरेशन (RAG) और वेक्टर डेटाबेस जैसी उन्नत तकनीकों को शामिल करते हुए जेनरेटिव एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) समाधानों के आर्किटेक्चर डिज़ाइन और कार्यान्वयन का नेतृत्व करना। • एजेंटिक एआई सिस्टम, मॉडल गेटवे और कुशल मॉडल सर्विंग तंत्र के लिए मजबूत आर्किटेक्चर विकसित करना। • एआई मॉडल का निर्बाध परिनियोजन, निगरानी और जीवनचक्र प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ML Ops / LLM Ops पाइपलाइन और कार्यप्रणालियों को स्थापित और लागू करना। • सुरक्षित और स्केलेबल एंटरप्राइज़ डेटा प्लेटफ़ॉर्म का आर्किटेक्चर तैयार करना, जो विभिन्न एआई पहलों का समर्थन करे और डेटा की गुणवत्ता, सुलभता और गवर्नेंस सुनिश्चित करे। • एआई सेवाओं के लिए एपीआई और एकीकरण रणनीतियाँ डिज़ाइन करना, ताकि विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों और ऐप्लिकेशनों में इनका आसानी से उपयोग किया जा सके। • नैतिक और नियमों के अनुरूप एआई परिनियोजन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक एआई सुरक्षा उपाय, जिम्मेदार एआई सिद्धांत और मजबूत मॉडल गवर्नेंस फ्रेमवर्क लागू करना। • एआई सिस्टम के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का आकार निर्धारित करना, प्रदर्शन अनुकूलित करना, और स्केलेबिलिटी, लचीलेपन तथा आपदा बहाली के लिए डिज़ाइन तैयार करना। • सभी एआई पहलों के लिए तकनीकी मानक और आर्किटेक्चर अभिशासन नीतियां निर्धारित करना और उन्हें लागू करना। **मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):** • बैंक के उद्यम एआई आर्किटेक्चर ब्लूप्रिंट और लक्ष्य–स्थिति रोडमैप को परिभाषित और बनाए रखना। • मानकीकृत एआई आर्किटेक्चर सिद्धांत, संदर्भ आर्किटेक्चर और प्रौद्योगिकी सुरक्षा उपाय स्थापित करना। • बैंक के NVIDIA-आधारित एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रभावी उपयोग, स्केलेबिलिटी और लचीलापन सुनिश्चित करना। • यह सुनिश्चित करना कि रणनीतिक एआई समाधान स्वीकृत उद्यम आर्किटेक्चर मानकों का अनुपालन करते हैं। • एआई प्रौद्योगिकियों, मॉडलों और प्लेटफार्मों में दोहराव और विखंडन को कम करना। • सामान्य एआई सेवाओं, घटकों और आर्किटेक्चर पैटर्न के पुनः उपयोग को बढ़ाना। • यह सुनिश्चित करना कि आर्किटेक्चर में साइबर सुरक्षा, गोपनीयता, जिम्मेदार एआई और विनियामक अपेक्षाएं शामिल हैं। • मानकीकृत उद्यम आर्किटेक्चर के माध्यम से नए एआई उपयोग मामलों के तेजी से ऑनबोर्डिंग और उत्पादन को सक्षम बनाना। • प्रभावी आर्किटेक्चर समीक्षा करना और आर्किटेक्चरल अपवादों का प्रबंधन करना। • उभरती हुई एआई प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन करना और बैंक के भविष्य के एआई प्रौद्योगिकी निवेशों का मार्गदर्शन करना।

टिप्पणी: वास्तविक केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा। ऊपर वर्णित भूमिकाएं/दायित्व/कार्य रूपरेखा उदाहरण स्वरूप हैं। ऊपर उल्लिखित दायित्वों के अलावा, बैंक द्वारा आवश्यकताओं के अनुसार समय–समय पर अन्य भूमिकाएं/ जिम्मेदारियां/ गतिविधियां/ प्रमुख इंटरैक्शन / कार्य भी सौंपे जा सकते हैं।

घ. पारिश्रमिक/ सुझाया गया पदस्थापना का स्थान:

क्र. सं.	पद का नाम	वार्षिक सीटीसी की ऊपरी सीमा^ (रु. लाख में)	वार्षिक सीटीसी के विभिन्न मद	निश्चित अवधि के रोजगार की अवधि $	सुझाया गया पदस्थापना का स्थान
1.	**महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी**	**ऊपरी सीमा - रु. 160.00 लाख**	नियत वेतन – सीटीसी का 90% परिवर्ती वेतन# – सीटीसी का 10% वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड^^ – 5% तक	3 वर्ष। बैंक के विवेक पर और परस्पर सहमत निबंधनों और शर्तों पर इसे 2 वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है (कुल कार्यकाल 5 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए)।	मुंबई या किसी भी प्रशासनिक आवश्यकता के मामले में भारत में कहीं भी।
2.	**उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)**	**ऊपरी सीमा - रु. 120.00 लाख**			
3.	**उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)**				
4.	**उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)**				
5.	**एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट**	**ऊपरी सीमा - रु. 90.00 लाख**			
6.	**एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट**				

^ वार्षिक सीटीसी बातचीत से तय की जाएगी और यह वर्तमान रोजगार में उम्मीदवारों के अनुभव और परिलब्धियों और पदस्थापना के स्थान पर निर्भर करेगी।

$ निश्चित अवधि के रोजगार संविदा को किसी भी समय, बिना किसी पूर्वाग्रह के, दोनों पक्षों द्वारा 03 महीने का नोटिस देकर या इसके बदले 03 महीने के मुआवजे की राशि का भुगतान/सरेंडर करके समाप्त किया जा सकता है।

^^ दूसरे वर्ष से 10% (कार्य-निष्पादन के आधार पर) की प्रस्तावित वार्षिक वेतन वृद्धि, यदि कोई है।

 # संविदात्मक अधिकारी के कार्य-निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी:

99 से 100%	100%
97 से 98.99 %	90%
94 से 96.99%	80%
90 से 93.99%	70%
90% से कम	**शून्य**

ङ. चयन प्रक्रिया: चयन शॉर्टलिस्टिंग, उसके बाद साक्षात्कार और सीटीसी पर बातचीत के आधार पर होगा।

(क्रम संख्या 1 से 4 तक के पदों के लिए होने वाले साक्षात्कार में, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को अपने संबंधित कार्य प्रोफाइल, पूरी की गई परियोजनाओं या प्राप्त उपलब्धियों पर 10 मिनट की प्रेजेंटेशन देनी होगी।)

- **शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा**। बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा। **इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा**।
- **साक्षात्कार:**

महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी **उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)** **उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)** **उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)**	**साक्षात्कार 100 अंकों का होगा।** साक्षात्कार प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को संबंधित जॉब प्रोफ़ाइल पूरे किए गए प्रोजेक्ट्स या हासिल किए गए माइलस्टोन्स पर 10 मिनट की प्रेजेंटेशन देनी होगी।
एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट **एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट**	**साक्षात्कार 100 अंकों का होगा।**

साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

- **सीटीसी बातचीत:** साक्षात्कार के समय या साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उम्मीदवारों के साथ एक-एक करके, अलग-अलग सीटीसी वार्ता की जाएगी।
- **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी। एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट सूची में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा

च. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए सूचना/ कॉल लेटर बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा या ईमेल द्वारा भेजा जाएगा, जैसा भी बैंक द्वारा तय किया जाएगा। **कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।**

छ. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की **वैध ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक एक्टिव रखा जाए। इससे उन्हें अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी।

ऑनलाइन आवेदन के लिए दिशानिर्देश:

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआई आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपनी नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती है।

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें। आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे सबमिट करें। यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है। जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा जनरेट किया जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें**। वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं। सेव की गई जानकारी को बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी। आवेदन को पूरी तरह से भरकर उम्मीदवार इसे सबमिट करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें।

iv. **उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, सिस्टम निर्मित ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें।**

v. आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन करते समय जरूरी प्रमाणपत्र (पत्रों) की प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है।

शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचित करने का शुल्क (वापस न करने योग्य) ₹750/- (सात सौ पचास रुपए मात्र) है और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/ सूचित करने का शुल्क नहीं है।

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/ संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा। भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इन्टरनेट बैंकिंग/ यूपीआई आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा।

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म जनरेट होगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें।

v. यदि पहली बार में ऑनलाइन शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें।

vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है।

vii. **एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा।**

ज. दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें:

अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ो का विवरण:

i. नवीनतम फोटोग्राफ

ii. हस्ताक्षर

iii. बायोडाटा (प्रारूप संलग्न) (पीडीएफ)

iv. जीवन वृत्त (पीडीएफ)

v. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

vi. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

vii. शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र: संबंधित अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

viii. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

ix. जाति प्रमाणपत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)

x. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)

xi. अधिमान्य योग्यता/प्रमाणपत्र (यदि कोई हो) (पीडीएफ)

xii. फॉर्म-16/ऑफर लेटर/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)

xiii. निश्चित अवधि के रोजगार वाले पदों के लिए सीटीसी पर बातचीत।

ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:

i. फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए।

ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) तक होना चाहिए।

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो।

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें।

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े।

vi. यदि फ्लैश का प्रयोग करना है, तो यह सुनिश्चित करें कि इसमें 'रेड-आई' नहीं है।

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं।

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक प्रतीक पगड़ी बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए।

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनर पर सेट कर लें।

स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करें न कि कोई अन्य व्यक्ति।

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगा वहां हस्ताक्षर का उपयोग किया जाएगा।

iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो।

v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है।

vi. अंग्रेज़ी के कैपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे।

द. दस्तावेज़ की फाइल का प्रकार/आकार:

i. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में हों। (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)

ii. दस्तावेज़ के पृष्ठ का आकार ए4 का हो।

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो।

iv. दस्तावेज़ को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें। यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ साफ और पढ़े जा सकने योग्य हैं।

य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज़ को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें।

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें।

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम को फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर या फिर फाइल इमेज के आइकन पर माउस को घुमाकर जांचा जा सकता है

vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में प्राप्त कर सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो। इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा। स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं। इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा। इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है। इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं।

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके।

र. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

i. प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने हेतु अलग-अलग लिंक दिए गए है।

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें।

iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है।

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें।

v. आवेदन सबमिट करने से पहले दस्तावेज़ अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू पर क्लिक करें। यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा।

vi. दस्तावेज़ अपलोड/ सबमिट कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे।

vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं**। यदि फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म सबमिट किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है। **यदि फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।**

झ. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों के लिए निर्धारित तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है।

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार सहित ऐसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों।

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा। इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति/अंतिम चयन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं/निश्चित अवधि के रोजगार तुरंत समाप्त की जा सकती हैं।

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है।

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए जाने के अधीन है। इस तरह की नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू है।

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल आईडी एवं मोबाईल फोन नंबर को एक्टिव रखें।

vii. किसी संप्रेषण की प्राप्ति में विलंब होने या न मिलने कि स्थिति में बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

viii. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचित करते हैं कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि वे किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

ix. चयनित होने पर उम्मीदवारों से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता की ओर से उचित डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें।

x. उम्मीदवारों को उनके हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करें, क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए ऐसा इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण हो सकता है। पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन संबधी के सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा।

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है।

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं है। बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है।

xiv. एक से अधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की स्थिति में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं। किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा।

xvi. बाहर से आने वाले उम्मीदवारों, जिन्हें शॉर्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, उन्हें नीचे बताए गए अनुसार भारत में सबसे लघुतर मार्ग से हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

पद	प्रतिपूर्ति सीमा
महा प्रबंधक और मुख्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अधिकारी	वास्तिक हवाई किराये (इकोनॉमी क्लास) की प्रतिपूर्ति
उप महा प्रबंधक (जोखिम और परिचालन वैश्लेषिकी)	
उप महा प्रबंधक (एआई अभिशासन और अनुपालन)	
उप महा प्रबंधक (डेटा इंजीनियरिंग, मॉडल एप्लिकेशन विकास और एआई परिचालन)	₹15,000 तक हवाई किराए (आने–जाने का कुल खर्च) या वास्तविक किराया, जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति।
एआई सॉल्यूशन आर्किटेक्ट	
एंटरप्राइज एआई आर्किटेक्ट	

xvii. आवेदन पत्र एक बार प्रस्तुत कर दिए जाने पर उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/ सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी पत्राचार/ फोन/ ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को सावधानी से भरें और आवेदन में सही जानकारी प्रस्तुत करें।

xviii. **बैंक किसी भी विशेष पद/सभी पदों के लिए किसी भी स्तर/समय पर बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

xix. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा।**

महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाए जाने पर उम्मीदवारी किसी भी चरण पर रद्द या समाप्त कर दी जाएगी, और यदि उम्मीदवार का चयन हो भी चुका हो, तो भी ऐसी परिस्थितियों में उसका चयन रद्द कर दिया जाएगा। बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है। बैंक ऐसे प्रकटनों और/या स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर नियुक्ति/तैनाती से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

डिसक्लेमर (डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023)

xx. **इस पद के लिए आवेदन करके आप स्वेच्छा से, पूर्ण जानकारी के साथ तथा बिना किसी शर्त के, बैंक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी (Personal Data) एकत्रित करने, उसका प्रसंस्करण (Processing) करने तथा भर्ती प्रक्रिया की आवश्यकता के अनुसार संबंधित डेटा प्रोसेसरों (Data Processors) के साथ साझा करने की अपनी सहमति प्रदान करते हैं। यह कार्य डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों (सामूहिक रूप से ''अधिनियम'') के अनुरूप किया जाएगा। बैंक ने अपने पास उपलब्ध अथवा अपने नियंत्रणाधीन व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार के डेटा उल्लंघन (Data Breach) को रोकने के लिए सभी उचित सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। आपकी व्यक्तिगत जानकारी को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा और इसका उपयोग केवल विज्ञापित पद के लिए आपकी पात्रता, योग्यता, प्रमाण–पत्रों तथा उम्मीदवारी के मूल्यांकन एवं सत्यापन हेतु किया जाएगा, साथ ही अधिनियम के अंतर्गत अनुमत अन्य वैध उद्देश्यों के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है।**

किसी भी जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध **"CONTACT US/post your query"** लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें।

मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा।

भारतीय स्टेट बैंक किसी भी ऐसे बाहरी कोचिंग प्लेटफॉर्म, कंसल्टेंसी, व्यक्ति या डिजिटल चैनल का समर्थन, विज्ञापन या उनके साथ जुड़ाव नहीं रखता है, जो चयन की गारंटी, भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने या आंतरिक मार्गदर्शन प्रदान करने का दावा करते हैं।
उम्मीदवारों को केवल एसबीआई के आधिकारिक करियर पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

मुंबई
19.10.2026

महाप्रबंधक
(आरपी एवं पीएम)

आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें।

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें।

विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2026-27/30 डाउनलोड करें।
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें।)

ऑनलाइन आवेदन करें।
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें।
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।)